मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-113
21/03/2020

मुख्यमंत्री ने प्रदेश एवं देशवासियों को बिहार दिवस की बधाई एवं शुभकामनायें दी

पटना, 21 मार्च 2020 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने बिहार दिवस की पूर्व संध्या पर प्रदेश एवं देशवासियों को बधाई एवं शुभकामनायें दी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि बिहार निरंतर प्रगति, समृद्धि के पथ पर आगे बढ़ता रहेगा। बिहारवासी आपसी एकता, भाईचारा, सामाजिक समरसता एवं धार्मिक सद्भाव बनाये रखेंगे और हम सब मिलकर बिहार को प्रगति की नई ऊँचाई पर पहुँचायेंगे, बिहार के गौरव को बढ़ायेंगे।

******